सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

DGR Detective Group Report

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 144 | इंदौर, सोमवार 09 दिसंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# भोपाल-इंदौर समेत पूरे एमपी में कल से तेज ठंड

## उत्तरी हवाओं से 2-3° गिरेगा पारा; ग्वालियर-चंबल में सबसे ज्यादा सर्दी रहेगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्य प्रदेश में 24 घंटे बाद यानी 10 दिसंबर से तेज ठंड का दौर शुरू होगा। वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) के असर से प्रदेश में बर्फीली हवाएं आएंगी। जिनकी वजह से भोपाल-इंदौर समेत पूरे प्रदेश में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक पारा गिर जाएगा। मौसम वैज्ञानिक अभिजीत चक्रवर्ती ने बताया कि रविवार को प्रदेश के पूर्वी हिस्से के कुछ जिलों में हल्की बूंदाबांदी हुई। इससे दिन के तापमान में भी गिरावट देखने को मिली।**

### इसलिए बढ़ेगा ठंड का असर

उत्तर-पश्चिम भारत के ऊपर 12.6 किमी की ऊंचाई पर 260 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से जेट स्ट्रीम हवाएं बह रही हैं। यहां पर एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस भी एक्टिव हो रहा है। इस वजह से बर्फ पिघलेगी और फिर हवा की रफ्तार तेज हो जाएगी। जिसका असर मध्यप्रदेश में भी देखने को मिलेगा। दरअसल, वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण उत्तरी इलाकों और पहाड़ों पर मौसम बदलेगा। इस दौरान पहाड़ों पर बर्फबारी भी होगी। ऐसा होने पर बर्फ पिघलने के बाद बर्फीली हवा मध्यप्रदेश में आएगी।

### उत्तरी हिस्से सबसे ज्यादा ठिठुरेंगे

मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को रीवा में अधिकतम तापमान 24.6 डिग्री, सतना में 26 डिग्री, सीधी में 24.4 डिग्री, मलाजखंड में 25.8 डिग्री, पचमढ़ी में 24.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 27.8 डिग्री, इंदौर में 27.5 डिग्री, ग्वालियर में 26.7 डिग्री, उज्जैन में 28 डिग्री और जबलपुर में 28.3 डिग्री तापमान रहा। बर्फीली हवाओं की वजह से उत्तरी हिस्से सबसे ज्यादा ठिठुरेंगे। इनमें ग्वालियर, चंबल और उज्जैन संभाग के जिले शामिल हैं।

### रात में ग्वालियर-राजगढ़ सबसे ठंडे

रात में ग्वालियर-राजगढ़ शहर सबसे ठंडे हैं। शनिवार-रविवार की रात में यहां पारा 9.6 डिग्री सेल्सियस रहा। शाजापुर के गिरवर में 9.7 डिग्री, खजुराहो में 10.2 डिग्री, चित्रकूट-नौगांव में 10.3 डिग्री, पचमढ़ी में 10.6 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। भोपाल, इंदौर, जबलपुर और उज्जैन में भी पारे में गिरावट देखने को मिली है।



### 20 दिसंबर से कड़ाके की ठंड का दौर

मौसम विभाग के अनुसार, 15 दिसंबर तक मौसम में ऐसा ही उतार-चढ़ाव रहेगा। कभी तेज ठंड, कभी बारिश तो कभी बादल छाए रहेंगे। कड़ाके की ठंड का दौर 20 दिसंबर से शुरू होगा, जो जनवरी तक बना रहेगा। इन्हीं 40 दिनों में 20 से 22 दिन कोल्ड वेव यानी सर्द हवाओं की भी स्थिति रह सकती है। सबसे ज्यादा ठंड उज्जैन, ग्वालियर-चंबल संभाग में रहेगी। वजह यहां बर्फीली हवाएं सीधे आना है।

वर्ष 2014 से 2023 तक के ट्रेंड पर नजर डाली जाए तो भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर समेत प्रदेश के अन्य शहरों में दिसंबर के दूसरे पखवाड़े में ही कड़ाके की ठंड पड़ना शुरू होती है। इन पांच बड़े शहरों में पारे में सबसे ज्यादा गिरावट ग्वालियर में होती है। यहां पिछले 10 साल में एक बार टेम्प्रेचर 1.8 डिग्री तक पहुंच चुका है। जबलपुर में यह 4.4 डिग्री और उज्जैन में 2.5 डिग्री तक रहा है। भोपाल और इंदौर में भी टेम्प्रेचर 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा है।

### नवंबर में सर्दी तोड़ चुकी रिकॉर्ड

नवंबर में सर्दी रिकॉर्ड तोड़ चुकी है। भोपाल में तो 36 साल का रिकॉर्ड टूटा है। इंदौर, उज्जैन, जबलपुर और ग्वालियर में भी पारा सामान्य से 7 डिग्री तक नीचे रहा लेकिन कड़ाके की ठंड दिसंबर में पड़ेगी। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि इस बार ग्वालियर, उज्जैन और चंबल संभाग सबसे ज्यादा ठिठुरेंगे। यहां कोल्ड वेव यानी सर्द हवाएं भी चलेंगी।

### भोपाल में 3.1 डिग्री रिकॉर्ड हो चुका टेम्प्रेचर

भोपाल में दिन-रात ठंड और बारिश का ट्रेंड रहा है। 10 में से पिछले 5 साल से भोपाल दिसंबर में भीग रहा है। आधा से पौन इंच तक बारिश होती रही है। इस बार भी बारिश होने के आसार हैं। दिसंबर में ठंड की बात करें तो 11 दिसंबर 1966 की रात में यहां पारा 3.1 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था। यह अब तक का ओवरऑल रिकॉर्ड है। 3 साल पहले 2021 में पारा 3.4 डिग्री पहुंच चुका है।

### इंदौर में 5 से 8 डिग्री के बीच रहा है पारा

इंदौर में दिसंबर में रात का तापमान 5 से 8 डिग्री सेल्सियस के बीच रहता है। पिछले साल तापमान 10.1 डिग्री तक पहुंच गया था। 10 साल के आंकड़ों पर नजर डालें तो दिन में पारा 28 से 31 डिग्री के बीच ही रहता है। इस महीने इंदौर में बारिश भी होती है। पिछले 4 साल से बारिश हो रही है।

31 दिसंबर 2015 को यहां दिन का सर्वाधिक तापमान 33 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। 27 दिसंबर 1936 की रात में टेम्प्रेचर 1.1 डिग्री रहा था। सर्वाधिक कुल मासिक बारिश वर्ष 1967 में 108.5 मिमी यानी 4.2 इंच हुई थी। 24 घंटे में सर्वाधिक 53 मिमी यानी 2.1 इंच बारिश 17 दिसंबर 2009 को हुई थी।

### ग्वालियर में सबसे ज्यादा सर्दी

ग्वालियर में दिन में गर्मी तो रात में ठंड रहती है। पिछले 10 साल में यहां अधिकतम तापमान 26.2 से 31.6 डिग्री तक रह चुका है। वहीं, रात में पारा 1.8 से 6.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 6 दिसंबर 2006 को दिन का तापमान 32.1 डिग्री सेल्सियस पहुंच चुका है। 26 दिसंबर 1961 को न्यूनतम तापमान 0.4 डिग्री पहुंचा था।

वर्ष 1997 में कुल मासिक बारिश 106.6 मिमी यानी 4.1 इंच हुई थी। 24 घंटे में सर्वाधिक बारिश 13 दिसंबर 2013 को 32.1 मिमी यानी 1.2 इंच हुई थी।

### जबलपुर में बारिश का भी दौर

जबलपुर में दिसंबर में बारिश होने का भी ट्रेंड है। 28 दिसंबर 1960 को दिन का तापमान 33.2 डिग्री पहुंच चुका है। 28 दिसंबर 1902 की रात में रात का तापमान 0.6 डिग्री सेल्सियस रहा था। यह ओवरऑल रिकॉर्ड है।

वर्ष 1885 में सर्वाधिक मासिक बारिश 125 मिमी यानी 4.9 इंच हुई थी। 24 घंटे में सर्वाधिक बारिश का रिकॉर्ड 68.1 मिमी यानी 2.6 इंच 16 दिसंबर 1885 का है।

# श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर समिति की तैयारी

## महाकाल के सुगम दर्शन के लिए पहली बार टनल का पूरी क्षमता से उपयोग करेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। वर्ष के आखिरी दिनों के साथ नववर्ष के पहले सप्ताह में ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर के दर्शन, पूजन के लिए आने के लिए योजना बना रहे हैं तो यह खबर आपके काम की है। मंदिर प्रबंध समिति ने इसके लिए व्यवस्था बनाने में जुटी है। सामान्य, वीवीआईपी, बुजुर्ग, दिव्यांग सभी के लिए अलग व्यवस्था बनाई जा रही है।**

श्री महाकालेश्वर मंदिर समिति प्रशासक गणेशकुमार धाकड़ के अनुसार हमारा लक्ष्य श्रद्धालुओं को सुलभ दर्शन करवाना है। इसके लिए प्रबंध समिति सदस्यों, पुजारियों, मंदिर से जुड़े मानसेवियों, प्रशासनिक अफसरों से विचार-विमर्श किया जा रहा है।

### मंदिर परिसर में ऐसी रहेगी दर्शन व्यवस्था

**सामान्य दर्शनार्थी प्रवेश** : चारधाम मंदिर के पार्किंग स्थल से प्रवेश कर शक्ति पथ त्रिवेणी संग्रहालय के पास से नंदी द्वार, महाकाल लोक, मानसरोवर भवन, फेसिलिटी सेंटर-1, टनल, नवीन टनल-1, गणेश मंडपम् से महाकालेश्वर के दर्शन कर सकेंगे।

**निर्गम** : दर्शन के बाद आपातकालीन निर्गम द्वार से बाहर की ओर बड़ा गणेश मंदिर के पास होते हुए हरसिद्धि मंदिर तिराहा, चारधाम मंदिर पर पहुंचकर अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान कर सकेंगे।

**बुजुर्ग व दिव्यांग** : निःशुल्क दर्शन होंगे। इसके लिए अवंतिका द्वार यानी गेट नंबर 1 से प्रवेश कर सकेंगे।

वीआईपी एवं मीडिया प्रवेश वीआईपी, वीवीआईपी, मीडिया की इंट्री नीलकंठ द्वार से रहेगी। वीआईपी गेट के पास ही बने पार्किंग पर वाहन पार्क होंगे। यहां से महाकाल लोक कंट्रोल रूम, शंख द्वार, निर्माल्य द्वार से प्रवेश कर कोटितीर्थ कुंड के पास से होकर सभामंडपम् से नंदी हॉल में पहुंचेंगे। दर्शन के बाद इसी मार्ग से वापसी होगी। वीआईपी श्रद्धालुओं के लिए मानसरोवर भवन में जूता स्टैंड की व्यवस्था रहेगी।

# मालवा निमाड़ में बिजली की मांग 7100 मैगावाट पार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी क्षेत्र में दिसंबर माह के पहले सप्ताह में बिजली की अधिकतम मांग सात हजार एक सौ मैगावाट पार कर गई है। इंदौर, उज्जैन संभाग के सभी जिलों में बिजली की मांग रबी सीजन के चलते बढ़ी हुई हैं। इंदौर जिले की मांग 900 मैगावाट चल रही है। इंदौर जिले की दैनिक आपूर्ति 1.70 करोड़ यूनिट तक पहुंच गई है। इधर उज्जैन संभाग के सातों जिलों में दैनिक बिजली आपूर्ति वर्तमान में पांच करोड़ यूनिट से ज्यादा हैं। उज्जैन संभाग में वर्तमान में करीब सात लाख कृषि पंपों के चलायमान स्थिति में होने से बिजली मांग में तेजी से वृद्धि हुई हैं। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह ने बताया कि सबसे ज्यादा बिजली मांग एवं उसी अनुरूप आपूर्ति उज्जैन जिले में हो रही है। उज्जैन जिले में दैनिक आपूर्ति 1.25 करोड़ यूनिट हैं। दूसरे क्रम में देवास जिले में आपूर्ति 1.07 करोड़ यूनिट हैं। संभाग में तीसरे स्थान पर रतलाम जिला 81 लाख यूनिट, फिर मंदसौर 64 लाख, शाजापुर जिला 60 लाख यूनिट, नीमच 38 लाख यूनिट, आगर जिला 33 लाख यूनिट दैनिक आपूर्ति वाला है।

# 9 करोड़ के विकास कामों का लोकार्पण और भूमिपूजन

## महापौर बोले- जनप्रतिनिधि साल में दो बार विकास कामों का रिपोर्ट कार्ड दें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। रविवार को वार्ड क्रमांक 49 में 9 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन हुआ। इस दौरान कई जनप्रतिनिधि और रहवासी कार्यक्रम में शामिल हुए।**

एमआईसी मेंबर और क्षेत्रीय पार्षद राजेश उदावत ने बताया कि शहर में किए जा रहे विकास कार्यों की श्रृंखला में महापौर पुष्यमित्र भार्गव और विधायक महेंद्र हार्डिया ने इन कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इस अवसर पर सांसद शंकर लालवानी, पूर्व सभापति अजय सिंह नरूका, नंदकिशोर पहाड़िया, अभिषेक शर्मा, पार्षद मुद्रा शास्त्री, मलखान सिंह कटारिया, महापौर प्रतिनिधि विवेक सिन्हा, पूर्व पार्षद आशा होला सोनी, मंडल अध्यक्ष रामबाबू यादव, विक्रम शेखावत, वार्ड अध्यक्ष तीरथ पाल, और बड़ी संख्या में रहवासी उपस्थित थे।

### नगर निगम इंदौर खुद का डिजिटल पोर्टल बना रहा

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि इंदौर के 2040-50 तक के विकास को ध्यान में रखते हुए शहर को डिजिटल सिटी बनाने की दिशा में नगर निगम लगातार काम कर रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि नगर निगम जल्द ही अपना डिजिटल पोर्टल लॉन्च करेगा। उन्होंने एमआईसी मेंबर राजेश उदावत द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सभी पार्षदों और जनप्रतिनिधियों को साल में दो बार अपने क्षेत्र के विकास कार्यों का रिपोर्ट कार्ड जनता के समक्ष प्रस्तुत करना चाहिए। महापौर ने बताया कि उनके कार्यकाल में अब तक 800 किमी पेयजल लाइन, 600 किमी ड्रेनेज लाइन और 25 से अधिक पुल-पुलियों का निर्माण हुआ है। इसके अतिरिक्त, वर्तमान में 500 करोड़ की लागत से 21 प्रमुख सड़कों का निर्माण कार्य चल रहा है। भार्गव ने यह भी कहा कि इंदौर अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है।

### रेनवाटर हार्वेस्टिंग पर जोर

विधायक महेंद्र हार्डिया ने कहा कि नगर निगम द्वारा चलाए गए रेनवाटर हार्वेस्टिंग अभियान में वार्ड क्रमांक 49 के रहवासी सहयोग करेंगे, तो क्षेत्र में कभी भी बोरिंग नहीं सूखेगी। उन्होंने सभी रहवासियों से अपने घरों में रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने का आग्रह किया। साथ ही, उन्होंने डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के लिए एक वाहन उपलब्ध कराने की घोषणा की।

### इन कामों के लिए हुआ भूमिपूजन

### वार्ड 49 के भूमिपूजन कार्य (पार्षद निधि से)

वंदन नगर सी-79 से अर्चना मेडिकल तक स्टॉर्म वॉटर लाइन डालना। गोयल नगर जैन मंदिर से महावीर नगर उद्यान तक स्टॉर्म वॉटर लाइन डालना। तिलक नगर मुक्तिधाम से बड़ी ग्वालटोली नाले तक स्टॉर्म वॉटर लाइन डालना। श्री जी वाटिका में सम्पूर्ण रोड का सीमेंटीकरण। महावीर नगर पानी की टंकी की कंपाउंड वॉल का निर्माण। संवीद नगर में अम्मा कॉम्प्लेक्स से मकान नंबर 150/3 तक रोड का सीमेंटीकरण। तिलक नगर एक्सटेंशन में मकान नंबर 51 के पीछे बैक लाइन में रोड का सीमेंटीकरण। कृषि विहार कॉलोनी में बगीचे के आसपास पेव्हर ब्लॉक लगाना और रीफिक्सिंग। तिलक नगर मेन रोड पर स्टॉर्म वॉटर लाइन डालना। गोयल नगर, महावीर नगर और साईनाथ कॉलोनी में स्टॉर्म वॉटर लाइन डालना। तिलक नगर की गली नंबर 11 में श्री कृष्ण पब्लिक स्कूल से अग्रवाल स्टोर्स तक गली चौड़ीकरण, स्टॉर्म वॉटर लाइन और सीमेंट कंक्रीट कार्य। साइननाथ कॉलोनी सेक्टर सी को उत्कर्ष उद्यान के रूप में विकसित करना।वार्ड 49 के पांच उद्यानों की प्रकाश व्यवस्था का नवीनीकरण और ग्रीन बेल्ट में प्रकाश व्यवस्था।गोयल नगर में मकान नंबर 445 से 490 तक ड्रेनेज लाइन डालना। विनोबा नगर में शिव मिर्ची वाले से विनोबा नगर खदान तक नई ड्रेनेज लाइन डालना। तिलक नगर एक्सटेंशन में मकान नंबर 216 से 224 तक नई ड्रेनेज लाइन डालना। राज श्री वाटिका में क्षतिग्रस्त ड्रेनेज के स्थान पर नई ड्रेनेज लाइन डालना। गोयल नगर रीजेंसी में क्षतिग्रस्त ड्रेनेज लाइन के स्थान पर नई ड्रेनेज लाइन डालना। श्रीजी वाटिका में क्षतिग्रस्त ड्रेनेज लाइन के स्थान पर नई ड्रेनेज लाइन डालना। तिलक नगर मुक्तिधाम से महावीर नगर पानी की टंकी तक सीवर लाइन डालना। विनोबा नगर (581/1) से संविद नगर (109/3) तक सीवर लाइन डालना।वंदना नगर में नई सीवर लाइन डालना।

### इन कामों का किया गया लोकार्पण

पुष्प वाटिका, साईनाथ कॉलोनी, गोयल नगर, वंदना नगर सेक्टर बी एवं सेक्टर 3 और कृषि विहार के उद्यानों में झूले, फिसल पट्टी और ओपन जिम तिलक नगर एक्सटेंशन और संविद नगर में नई सड़कें। बख्तावर नगर में बोरिंग का कार्य। संविद नगर में झाडू वाली गली में नई ड्रेनेज लाइन। संविद नगर में मकान नंबर 118/3 से राम सिलावट के मकान तक ड्रेनेज लाइन। संविद नगर में मकान नंबर 132 से महावीर नगर मकान नंबर 01 तक नई ड्रेनेज लाइन। गोयल नगर में मकान नंबर 421 से शक्ति नगर मकान नंबर 19 तक नई ड्रेनेज लाइन। गोयल नगर में मकान नंबर 45 से मकान नंबर 158, 159 होते हुए महावीर नगर पानी की टंकी तक नई ड्रेनेज लाइन। संविद नगर में मकान नंबर 47/3 से संतोषी माता मंदिर तक नई ड्रेनेज लाइन।गोयल नगर रीजेंसी में चमेली पार्क के पीछे मकान नंबर 445 से अर्चना मेडिकल तक स्टॉर्म वॉटर लाइन। विनोबा नगर खदान में संजीवनी क्लिनिक का निर्माण। कृषि विहार उद्यान की बाउंड्री वॉल और पाथवे का निर्माण। गोयल नगर एक्सटेंशन बगीचे का समग्र विकास कार्य।

# नदी में सीवरेज का पानी छोड़ने पर लगेगा फाइन

### नाले में कचरा फेंकने पर होगी कार्रवाई, निगम आयुक्त ने दिए निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। रविवार सुबह नगर निगम आयुक्त नाला सफाई अभियान में निरीक्षण करने पहुंचे। अलग-अलग जगह पर उन्होंने निरीक्षण किया। वहां से जुड़ी व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ ही कहा कि नदी, नाला में सीवरेज का पानी छोड़ने वालों पर हैवी स्पॉट फाइन किया जाएगा।**

नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा नाला सफाई अभियान में चौधरी पार्क नाला, विराट नगर नाला और अमितेश नगर में सरस्वती नदी का निरीक्षण किया। चौधरी पार्क नाला पहुंच रास्ता बनाने के लिए, नई ब्रॉडिंग और लीटर पीकिंग, रोलर चलाकर जगह समतल करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके बाद विराट नगर नाला में जर्जर पुलिया की जगह पुलिया बनाने, नाले में कचरा नहीं डाले के लिए व्यवस्था और आवश्यकता होने पर नाले पर कैमरे लगाने के लिए अधिकारियों को कहा, ताकि नाले में कचरा फेंकने वालों पर कार्रवाई की जा सके।

निगम आयुक्त ने अमितेश नगर में सरस्वती नदी का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने नदी के आसपास बैंचेस लगाने के निर्देश दिए ताकि यहां आने वाले लोग उसका इस्तेमाल कर सके। साथ ही नदी में फाउंटेन लगाने को भी कहा। निगम आयुक्त ने नदी नाला में सीवरेज का पानी छोड़ने वालों पर हैवी स्पॉट फाइन करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए है। निरीक्षण के समय अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा, रोहित सिसोनिया, अधीक्षण यंत्री विवेक जैन, कार्यपालन यंत्री आर एस देवड़ा, झोनल अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# तीन नाइजीरियन कैदी जमानत पर रिहा

## विदेश भेजने की प्रोसेस तक खुली जेल में रहेंगे, धोखाधड़ी और साइबर क्राइम के हैं आरोपी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। धोखाधड़ी और साइबर अपराध में सजा काट रहे तीन नाइजीरियन कैदियों को जमानत मिल गई। इसके बाद उन्हें सेंट्रल जेल से रिहा कर दिया गया। अब वापस विदेश भेजने की प्रक्रिया जब तक पूरी नहीं हो जाती, तब तक उन्हें हातोद में बनाए गए अस्थायी होल्डिंग सेंटर में रखा गया है।**

सेंट्रल जेल सुपरिंटेंडेंट अलका सोनकर ने बताया कि 2019 में 28 वर्षीय नाइजीरियन कैदी संडे, फौजी पिता उमर मोहम्मद और क्रिश्चियन पिता नंदू को धोखाधड़ी और साइबर के मामले में इंदौर सेंटर जेल में भेजा गया था। ये तीनों अपराध के समय दिल्ली में ही रह रहे थे। नए कानून की धारा भादसं 479 के तहत तीनों को इंदौर कोर्ट ने शनिवार को रिहा करने का आदेश दिए गए।

बाद में कलेक्टर के आदेश के बाद उन्हें हातोद में विश्राम गृह के पास बनाए गए अस्थायी होल्डिंग सेंटर में रखा गया। ग्रामीण एसपी हितिका वासल ने बताया कि तीनों नाइजीरियन कैदियों को कड़ी सुरक्षा में रखा गया है। विदेशी दूतावास से संपर्क कर तीनों कैदियों को यहां से विदेश भेजने की औपचारिकताएं पूरी की जाएंगी।

एडवोकेट निमिषा दुबे ने बताया कि कोर्ट से जमानत मिलने के बाद किसी भी व्यक्ति को किसी भी तरह की जेल में नहीं रखा जा सकता है। उन्हें वहां से छुड़ाने के लिए हम हाईकोर्ट की शरण लेंगे। तीनों के पासपोर्ट भी एक्सपायर हो गए हैं, ऐसे में ये देश में अवैध रूप से रह रहे हैं। कोर्ट से ट्रायल खत्म होने के बाद तीनों को एम्बेसी के माध्यम से उनके देश भेजा जाएगा।

# सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित बच्चों की दवा की मात्रा का प्रोटोकॉल नहीं बना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** सिकल सेल एनीमिया वंशानुगत विकारों के एक समूह में से एक है जिसे सिकल सेल रोग के रूप में जाना जाता है। जो प्रभावित रोगी के पूरे जीवन को प्रभावित करता है। यह भारत की जनजातीय आबादी में अधिक आम है, लेकिन गैर-आदिवासियों में भी होता है। यह जानकारी देते हुए मध्यप्रदेश थैलेसीमिया वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष चन्द्रशेखर शर्मा और सचिव सुश्री वंदना शर्मा ने बताया कि मध्यप्रदेश के शहडोल में जुलाई 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन की शुरूआत की थी। तब इस बीमारी से पीड़ित बच्चों के माता-पिता को एकउम्मीद जगी थी कि अब उनके बच्चों के लिए दवा (सिरप के तौर पर) उपलब्ध हो जाएगी। डेढ़ साल बीत जाने के बाद बच्चों के लिए सिरप भारत में बन कर तैयार है, लेकिन अभी तक बच्चों को दी जाने वाली मात्रा के लिए प्रोटोकॉल नहीं बनाया जा सका है। जिसकी दवा की कीमत करीब अमेरिका में इस 75 हजार थी। भारत में बनने के बाद अब ये सिर्फ 600 रुपए में उपलब्ध होगी। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया है कि सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित किस आयु वर्ग के बच्चों को कैसे और कितनी सिरप दी जानी है, इसके लिए अभी तक नियम और शर्तें तय नहीं हो पाई है। यही वजह है कि बच्चों के लिए सिकल सेल एनीमिया के इलाज के लिए सिरप के रूप में दवा उपलब्ध है, लेकिन दवा पीड़ित बच्चों तक नहीं पहुंच पा रही है। वयस्क मरीजों के लिए ये दवा उपलब्ध है। मरीजों की सही संख्या का पता लगाने के लिए स्क्रीनिंग कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

## इन्दौर के क्रिकेट खिलाड़ियों के लिये मोयरा ग्रुप लाया सुनहरा अवसर

# फ्रेंचाइजी टीम पिंक पेंथर करेगी खिलाड़ियों का चयन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मध्यप्रदेश लीग द्वारा प्लेयर डेवलपमेन्ट प्रोग्राम के तहत इन्दौर पिंक पेंथर जो कि मोयरा ग्रुप की फ्रेंचाईजी टीम है के द्वारा इन्दौर डिवीजन से २ खिलाड़ी चयनित किये जायेंगे, इसके तहत दिनांक ८ दिसंबर को एमवायसीसी जीम खाना ग्राउंड पर खिलाड़ियों का सिलेक्शन किया जायेगा। जिसके तहत प्रथम दौर में ६० खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा एवं इसके पश्चात १३, १४ एवं १५ दिसंबर को तीन दिवसीय टुर्नामेंट में से २ खिलाड़ियों का चयन किया जायेगा। जिनका डेवलपमेंट का पूरा खर्चा मोयरा ग्रुप की फ्रेंचाईजी टीम इन्दौर पिंक पेंथर के द्वारा उठाया जायेगा।

योग्यता का आधार खिलाड़ी का जन्म १/१२/२००२ से १/१२/२००५ के मध्य होना चाहिए एवं किसी भी डिवीजन एवं एमपीसीए में पंजीकृत नहीं होना चाहिए।

यह म.प्र. के इन्दौर के उन खिलाड़ियों के लिए यह सुनहरा अवसर है जो अभी तक किसी डिवीजन में या एमपीसीए के किसी संस्थान के अंदर पंजीकृत नहीं हैं।

मोयरा पिंक पेंथर फ्रेंचाईजी के डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट ने बताया कि इन २ चयनित खिलाड़ियों का डेवलपमेंट पूर्ण रूप से मोयरा के द्वारा किया जायेगा एवं राष्ट्रीय स्तर के इनके खेल को पहुँचाने के लिए जिन भी संसाधनों की आवश्यकता होगी उसे मोयरा ग्रुप के द्वारा प्रदान किया जायेगा। अगर इन खिलाड़ियों का प्रदर्शन उच्च कोटी का रहा तो इन्हें एमपीएल एवं अन्य लीग में खेलाने की व्यवस्था भी मोयरा ग्रुप द्वारा की जावेगी।

१५ दिसंबर से फाईनल चयन के लिए जीडीसीए के चेयरमेन एवं ज्योतिरादित्य सिंधिया के सुपुत्र युवराज महानआर्यन सिंधिया जी एवं एमपीएल के सीईओ श्री रवि पाटनकर जी उपस्थित रहेंगे।

सिलेक्शन कमेटी में एमपीसीए के श्री अनिल जोशी जी, पिंक पेंथर के डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट संदीप जैन एवं पिंक पेंथर के कोच अभिषेक पथरोड़ जी होंगे। कार्यक्रम की व्यवस्था मोयरा के जनरल मैनेजर मार्केटिंग गौरव संघवी एवं मोयरा के शुभम जैन देखेंगे।

# लुटेरों का पुलिस ने निकाला जुलूस

## राहगीरों से लूट लेते थे बाइक और मोबाइल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **बाणगंगा पुलिस ने राहगीरों से बाइक व मोबइल लूटने वाले शातिर बदमाशों को गिर तार कर उनके कब्जे से लाखों रूपए का मश्रुका बरामद कर लिया है वहीं लूटरों का पुलिस ने जुलूस निकालकर सडकों पर घूमाया वहीं इस दौरान उन पर डंडे भी बरसाए। इस दौरान वह गिडगिड़ाते नजर आए।**

डीसीपी हंसराज सिंह ने बताया कि 1 दिसंबर को चार बदमशों ने सेक्टर डी सुखलिया क्षेत्र से फरियादी को रोककर उसकी मोटरसायकल छीन ली थी और फिर आरोपी फरार हो गए थे। फरियादी ने बाणगंगा थाने पहुंचकर लूट का प्रकरण दर्ज कराया था। लुटेरों की धरपकड़ के लिए डीसीपी हंसराज सिंह ने एडिशनल डीसीपी रामस्नेही मिश्रा को निर्देशित किया था। उन्होंने थाना प्रभारी सियाराम सिंह गुर्जर के नेतृत्व में टीम गठित की। टीआई गुर्जर ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खगाले और आरोपियों की धरपकड़ के लिए मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। इस बीच लूट करने वाले बदमाशों की पुलिस को लोकेशन मिल गई। तत्काल टीआई गुर्जर अपनी टीम के साथ मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंचे और घेराबंदी कर लूट की घटना को अंजाम देने वाले अर्जुन उर्फ कुंदन पिता धनसिंह निवासी गणेशधाम कालोनी,सुशील उर्फ रंगीला पिता राधेश्याम मालवीय निवासी दीपमाला ढाबा,अमित पिता ओमप्रकाश पटेल निवासी सुखलिया और राकेश पिता राजू जोशी निवासी सुखलिया को गिर तार किया।पूछताछ करने पर आरोपियों ने लूट की घटना को अंजाम देने कबूल किया। पुलिस ने लुटेरों से लूटी गई मोटरसायकल सहित अन्य मश्रुका बरामद कर लिया है वहीं अन्य घटनाओं के संबंध में पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने गिर त में आए लुटेरों को थाने लाकर सबक सिखाया फिर उनका जहां बदमाशों ने वारदात की थी उस इलाके में ले जाकर उनका जुलूस निकाला। इस दौरान डंडे भी लगाए। लुटेरे जुलूस के दौरान गिडगिड़ाते रखे कि अब वह फिर कभी अपराध नहीं करेंगे।

### हाथ पैर में बंधा था प्लास्टर

जिन लुटेरों का पुलिस ने जुलूस निकाला उनके हाथ पैरों पर प्लास्टर बंधा हुआ था। पुलिस अफसरों का कहना है कि आरोपी उन्हें देकर भागने लगे इस दौरान वह गिर गए जिससे उनके हाथ पैर टूट गए। पुलिस ने बदमाशों का उसी हालत में जुलूस निकाला ताकि उन्हें सबक सिखाया जा सके।

# एमडी ड्रग्स का सप्लायर राजस्थान से पकड़ाया

### पूर्व में दो आरोपी आ चुके हैं गिरफ्त में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। 50 लाख रुपए की 105 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ कुछ दिन पहले क्राइम ब्रांच ने दो आरोपियों को पकड़ा था। दोनों आरोपियों ने पूछताछ में राजस्थान में रहने वाले युवक का नाम बताया था। उक्त युवक ड्रग्स का सप्लाय करता था। मशक्कत के बाद युवक को राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया है। क्राइम ब्रांच के अनुसार,पूर्व में आरोपी रोशन कुमावत तथा राजू जाट दोनों निवासी पुलिस के हत्थे चढ़े थे। पूछताछ में दोनों ने बताया था कि वे राजस्थान के झालावाड जिले के डग से मादक पदार्थ लाकर यहां बेचते थे। उन्हें यह ड्रग्स परवेज पिता गुलाम हुसैन उपलब्ध कराता था। इसके बाद पुलिस परवेज की तलाश में जुट गई। आरोपी को पकडऩे क्राइम ब्रांच की टीम ने डग में डेरा डाल दिया था। कई दिनों के बाद आरोपी पकड़ में आया। आरोपी पर डग थाने में बलात्कार का केस भी दर्ज है। परवेज कहां से ड्रग्स लाता था और देश के किन-किन शहरों में बदमाशों को सप्लाय करता था, इसकी जानकारी ली जा रही है।

# बाइक चुराने वाले बदमाश धराए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बाइक चुराने वाली गिरोह के चार सदस्यों को बाणगंगा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना क्षेत्र में लंबे समय से वाहन चोरी की शिकायत मिल रही थी। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने टीम गठित की थी। टीम ने अर्जुन उर्फ कुन्दन पिता धनसिंह उर्फ एलकार सिंह निवासी गली गणेशधाम बाणगंगा, सुशील उर्फ रंगीला पिता राधेश्याम मालवीय निवासी दीपमाला ढाबा के पीछे, अमित पिता ओमप्रकाश पटेल निवासी सेक्टर डी सुखलिया तथा राकेश पिता राजू जोशी निवासी बबलू चाचा की दुकान के पीछे सुखलिया को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से अन्य वारदातों को लेकर पूछताछ की जा रही है।

# हाईकोर्ट चुनाव के लिए 26 ने भरे नामांकन

### आज नाम वापसी, 18 को होगा मतदान-मतगणना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव आगामी 18 दिसम्बर को होंगे। चुनाव में इस बार 26 सदस्यों ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। आज 9 दिसम्बर को नाम वापसी होगी। चुनाव अधिकारी मनोज द्विदी ने बताया कि कुछ सदस्यों ने एक से अधिक नामांकन भरे हैं। नामांकन के तत्काल बाद व्यक्तिगत और सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार शुरू कर दिया है। चुनाव में 2222 सदस्य वोटिंग करेंगे। वोटिंग के तत्काल बाद मतगणना होगी। अध्यक्ष पद के लिए रितेश इनाणी, सूरज वर्मा, अनिल ओझा, अमित उपाध्याय, हितेन्द्र मेहता, उपाध्यक्ष के लिए विनोद द्विवेदी, सपनेश कुमार जैन, मृदुल भटनागर, सोनाली गुप्ता, धर्मेन्द्र साहू, सचिव के लिए नितीन भाटी, अखिल गोधा, अंकित पाराशर, लोकेश मेहता, सहसचिव के लिए सागर मुले, सतानंद दुबे, बुंदेलसिंह जाटव, सोनल वर्मा, कार्यकारिणी में रौनक बडजात्या, शुभम नरवरे, प्रतीक जैन, सौरभ जैन, उद्धव श्रीवास्तव, अनमोल कुशवाह, रमेश अरोड़ा, विजय गुलानी मैदान में हैं। कार्यकारिणी में पांच सदस्य रहेंगे।

# ट्रेनर ने नाबालिग को पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। भंवरकुआं क्षेत्र में फिजिकल ट्रेनिंग देने वाली एक संस्था के ट्रेनर के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। उसने एक नाबालिग की बेरहमी से पिटाई कर दी थी। भंवरकुआं थाना क्षेत्र में फिजिकल ट्रेनिंग देने के कई सेंटर चल रहे हैं ऐसे ही एक सेंटर में एक नाबालिग की ट्रेनर ने डंडों से पिटाई कर दी। उसकी पीठ पर मारपीट के कई निशान हैं। यह वीडियो वायरल हो रहा है। इस संबंध में एडिशनल डीसीपी आनंद यादव ने बताया कि एक नाबालिग ने ट्रेनर के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। उनका कहना है कि नाबालिग ने बताया कि केवल इसलिए उसे पीटा गया क्योंकि वह ट्रेनिंग में सुबह कुछ देर से पहुंचा था। पुलिस का कहना है कि पुलिस जहां सेंटर के खिलाफ कार्रवाई कर रही है वहीं यह भी पता लगाया जा रहा है कि ये सेंटर वैध है या नहीं।

# निगम के उपयंत्री से अभद्रता करने वाले भाईयों पर केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। हीरा नगर में सडक़ निर्माण के काम को रोककर नगर निगम के उपयंत्री को धमकी दी गई। दो सगे भाइयों ने नगर निगम के अधिकारी के साथ अभद्रता की। इस मामले में पुलिस ने दोनों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा का प्रकरण दर्ज किया हैं। पुलिस ने बताया कि मयंक पुत्र छतर सिंह पंवार की शिकायत पर राधा कृष्ण उर्फ बब्लू भनोपा और लक्ष्मी नारायण उर्फ पप्पू भनोपा के खिलाफ केस दर्ज किया है। मयंक पंवार वार्ड नंबर 20 में उपयंत्री है। उन्होंने बताया कि शनिवार को जाम का बगीचा गौरी नगर में क'ची गलियों में सडक़ पर सीमेंट करने का काम किया जा रहा था। इस दौरान बब्लू और पप्पू वहां पहुंचे। उन्होंने अपशब्द कहते हुए सडक़ निर्माण रोकने के लिये कहा। जब उन्हें मयंक ने परिचय दिया और बताया कि नगर निगम के द्वारा शासकीय काम चल रहा हैं। तब दोनों ने मयंक को भी अपशब्द कहे। सीमेंट की मिक्सर मशीन बंद करा दी। वही साइट पर काम कर रहे मजदूरों को मारने की धमकी थी, उन्होंने मयंक से भी अभद्रता की। इस दौरान मयंक ने वरिष्ठ अफसरों और पुलिस को जानकारी दी, बाद में थाने जाकर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का केस दर्ज कराया।

## दुकान में लगी आग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। धार रोड स्थित जीएनटी मार्केट में एक प्लाई की दुकान में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी दुकान को चपेट में ले लिया। जिसमें काफी नकुसान हुआ है। मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने आग बुझाई।

# महाराष्ट्र के व्यापारियों ने ढाई करोड़ रुपए ठगे

## दुकानदारों ने पुलिस को की शिकायत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। महाराष्ट्र के दो व्यापारियों ने ढाई करोड़ रुपए का किराना सामान आर्डर के बाद भी डिलीवर नहीं किया। माल डिलीवर करने से पहले कुछ रुपए हासिल कर लिए। बाद में उनकी नीयत में खोट आ गई। जब काफी दिनों तक माल नहीं भेजा तो दुकानदारों ने मोबाइल पर बात की। कॉल पर दोनों व्यापारी झांसे देते रहे। परेशान होकर सियागंज के दुकानदारों ने पुलिस को शिकायत की। माल डिलीवर करने का आश्वासन दोनों व्यापारियों ने दुकानदारों से बैठक में किया था।

क्राइम ब्रांच ने करीब 6 माह बाद दुकानदारों की शिकायत पर मितेश नाहटा मालिक मेसर्स भूलेश्वरी शुगर पता पुणे और उसके साझेदार साजन पिता सदाशिव पांचपुते निवासी देवधान सुरूर अहमदनगर पर धोखाधड़ी के मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि दोनों व्यापारियों ने दुकानदारों से ब्रोकर के माध्यम से मीटिंग की थी। उन्होंने दुकानदारों को शक्कर और अन्य किराना सामान डिलीवरी करने का भरोसा दिलाया। इसमें सौदा तय होने के बाद सभी से पेमेंट भी ले लिया था।

दुकानदारों को माल नहीं भेजने पर व्यापारियों ने 12 लाख 57 हजार रुपए वापस कर दिए थे। वहीं 2 करोड़ 47 लाख 11 हजार रुपए अभी भी महाराष्ट्र के व्यापारियों पर बकाया है। व्यापारी साजन ने भी कुछ दुकानदारों से 44 लाख 25 हजार रुपए लिए थे। इसमें से 29 लाख 70 हजार रुपए वापस किए, बचे हुए 14 लाख 55 हजार रुपए अभी तक नहीं लौटाए।

## ◆ मौसी के लिए कस्टमर लाने वाला धराया

इंदौर। पलासिया पुलिस ने बाबू उर्फ रौनक पुत्र भरत कैथवास निवासी बड़ी ग्वालटोली को 20 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि सरकारी स्कूल के पास आरोपी खड़ा है। जब टीम यहां पहुंची और घेराबंदी की तो वह भागने लगा। इसके बाद उसे पकडक़र तलाशी ली तो उसके कपड़े में ब्राउन शुगर रखी हुई थी। आरोपी पर पहले भी एनडीपीएस का केस दर्ज है। जिसे लेकर वह फरार चल रहा था। बाबू उर्फ रौनक के परिवार के लोग भी मादक पदार्थ के व्यवसाय से जुड़ें है, उसकी मौसी रंजीता बौरासी भी ब्राउन शुगर बेचने का काम करती है। बाबू उसके लिये कस्टमर लेकर आता है। पुलिस अभी आरोपी से पूछताछ कर रही है।

# नशेड़ी ने वाहनों में की तोडफ़ोड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एमआईजी इलाके में एक नशेड़ी ने उत्पात मचाया और घरों के सामने खड़े वाहनों पर पथराव कर तोडफ़ोड़ कर दी। उसने धमकाया कि यहां किसी ने गाडिय़ां खड़ी की तो सबकी गाडिय़ां फोड़ दूंगा और बीच में कोई बोला तो जान से मार दूंगा। थाना एमआईजी पुलिस के मुताबिक तोडफ़ोड़ की घटना देवनगर में हुई। आरोपी आदित्य वर्मा है। पुलिस ने फरियादी अमित पिता विनोद मेवाती की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने बताया कि मैं बड़े पापा दिलीप मेवाती की बाइक अपने मामा गुड्डू पंडित के घर के सामने खड़ी करके सो रहा था तभी आरोपी आदित्य नशे की हालत में आया और बाइक में तोडफ़ोड़ करने लगा। मैंने बाहर आकर देखा और उसे रोकने का प्रयास किया तो वह गालियां देने लगा। इसके बाद उसने आगे गली में जाकर राम यादव की रिक्शा में तोडफ़ोड़ की और संजय खरे के घर के सामने खड़ी बाइक के साथ नितेश के घर के दरवाजे में भी तोडफ़ोड़ कर दी। आरोपी ने वहां से जाते जाते धमकाया कि रोड पर गाडिय़ां खड़ी की तो सबकी गाडिय़ां फोड़ दूंगा अगर कोई बीच में बोला तो उसे जान से खत्म कर दूंगा। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# ऊर्जा मंत्री के भाई की तबीयत बिगड़ी, भावुक हुए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

ग्वालियर, (एजेंसी)। **मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के भाई देवेंद्र सिंह तोमर की तबीयत बिगड़ गई है। वे कुछ समय से बीमार चल रहे हैं। रविवार को तबीयत ज्यादा खराब हो गई। उनके लंग्स में इंफेक्शन बढ़ता जा रहा है।**

रविवार दोपहर पुलिस और जिला प्रशासन ने अपोलो हॉस्पिटल से एयरपोर्ट तक ग्रीन कॉरिडोर बनाया। दोपहर 2 बजे एयर एम्बुलेंस की मदद से उन्हें हैदराबाद ले जाने के लिए रवाना हुए। रास्ते में हालत इतनी ज्यादा बिगड़ गई कि एयर एम्बुलेंस की भोपाल में इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। उन्हें भोपाल के चिरायु मेडिकल कॉलेज के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। चिरायु ग्रुप के डायरेक्टर डॉ. अजय गोयनका ने बताया कि उनकी हालत क्रिटिकल है।

देवेंद्र को हैदराबाद के डकटर (कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस) हॉस्पिटल में भर्ती कराया जाना था। हालांकि, ग्वालियर में भी हैदराबाद के डॉक्टर ही उनका ट्रीटमेंट कर रहे थे। ग्वालियर में भाई को एयरलिफ्ट करते समय ऊर्जा मंत्री भावुक नजर आए।

**20 मिनट में फूलबाग से एयरपोर्ट तक बनाया ग्रीन कॉरिडोर-** प्रशासन ने सिर्फ 20 मिनट में फूलबाग स्थित अपोलो हॉस्पिटल से विजयाराजे सिंधिया एयर टर्मिनल तक ग्रीन कॉरिडोर बनाया। पुलिस और ट्रैफिक के करीब 100 जवान लगाए गए। इसके बाद एम्बुलेंस को ग्रीन कॉरिडोर से निकाला गया। सामान्य समय में लगने वाले समय से आधे समय में एम्बुलेंस पेशेंट को लेकर एयरपोर्ट पहुंच गई।

**ऊर्जा मंत्री का पूरा मैनेजमेंट संभालते हैं-** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर अपने भाई की तबीयत बिगड़ने के बाद काफी भावुक नजर आए। जब उनके भाई को हैदराबाद ले जाने के लिए एम्बुलेंस में शिफ्ट किया जा रहा था, वे अपनी आंखों को रुमाल से पोंछते नजर आए। बताया गया है कि देवेंद्र तोमर पार्षद और नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष रह चुके हैं। पहले वे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता थे, बाद में भाजपा से जुड़ गए थे। ऊर्जा मंत्री के चुनाव का पूरा काम प्रबंधन उन्हीं के हवाले रहता था।

एएसपी निरंजन शर्मा का कहना है, अपोलो में भर्ती देवेंद्र तोमर को हैदराबाद इलाज के लिए ले जाना था। इस पर तत्काल ग्रीन कॉरिडोर बनाकर एम्बुलेंस को फूलबाग से एयरपोर्ट पहुंचाया गया, जहां से वे हैदराबाद के लिए रवाना हुए।

# महिला ने बात बंद की, तो पति को किडनैप किया

## बेसबॉल बैट से पीटा, कार में डालकर ले गए थे, 6 गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल, (एजेंसी)। **भोपाल में 6 दिसंबर को युवक का अपहरण उसकी पत्नी के दोस्त ने अपने साथियों के साथ मिलकर किया था। रविवार को पुलिस ने आरोपी और उसके 5 साथियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना कोलार के सर्वधर्म इलाके की है। दोपहर के समय हेमराज परते सैलून से शेव कराकर बाहर निकला था, तभी आरोपी उसे अर्टिगा कार (एमपी07-जेडएम-5735) में डालकर ले गए थे।**

डीसीपी जितेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया, हेमराज की पत्नी पिंकी की ब्यावरा (राजगढ़) के रहने वाले गोलू पूर्विया से इंस्टा पर दोस्ती थी। दोनों बात करते थे। पिंकी ने जब बात करना बंद कर दिया, तो गोलू ने उसे पति को अगवा कर लेने धमकी दी थी।

### अर्टिगा से अपहरण, ब्यावरा में बदली कार

डीसीपी ने बताया, 6 दिसंबर को हेमराज के अपहरण की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी की। सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले, तो अर्टिगा कार ब्यावरा की ओर जाती दिखी। इसकी जानकारी ब्यावरा पुलिस को दी गई। वहां की पुलिस ने राजगढ़ चौराहे पर इस कार को रोक लिया। कार में ड्राइवर बृजमोहन लोधा और सतीश सोंधिया मिले। इन्होंने पूछताछ में बताया कि हेमराज को गोलू, उसके साथी सत्या गुर्जर, रवि सोंधिया, अरुण सेन, घनश्याम लोधी, राहुल गुर्जर ले गए हैं। ब्यावरा से वे दूसरी कार (स्विफ्ट डिजायर) से निकल चुके हैं। इन सभी 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। वारदात में इस्तेमाल दोनों कारें भी जब्त की गई हैं।

### महिला पर साथ रहने का दबाव डालने का प्लान था

आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि सब कुछ गोलू के कहने पर किया था। प्लानिंग थी कि हेमराज को बंधक बनाकर वीडियो कॉल पर पिंकी को दिखाया जाता। इसके बाद पति को छोड़ने के बदले उस पर गोली के साथ रहने के लिए दबाव बनाया जाता। इससे पहले ही पुलिस एक्टिव हो गई। लगातार दबिश से घबराकर उन्होंने 6 दिसंबर की की शाम को ही हेमराज को ब्यावरा बस स्टैंड के पास छोड़ दिया था।

### हत्याकांड में फरार चल रहा था हेमराज

दो साल पहले बागसेवनिया में होलिका दहन के दौरान हुए विवाद में युवकों ने एक युवक की हत्या कर दी थी। इस मामले में हेमराज आरोपी था, तब से ही फरार चल रहा था।

# ट्रक ने युवक को रौंदा, चार टुकड़े हुए

## पॉलीथिन में पोस्टमार्टम के लिए भेजना पड़ा शव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

ग्वालियर, (एजेंसी)। **ग्वालियर में बारात से लाइट लेकर लौट रहे शख्स को ट्रक ने कुचल दिया। शव के चार टुकड़े हो गए। पुलिस को पॉलीथिन में रखकर शव पोस्टमार्टम के लिए ले जाना पड़ा। हादसा शनिवार रात 12 बजे इंदरगंज में हुआ।**

बीते 12 घंटे में शहर में तीन सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई है। यह हादसे इंदरगंज, बहोड़ापुर और घाटीगांव इलाके में हुए हैं। तीनों ही हादसों में चालक की लापरवाही सामने आ रही है।

इंदरगंज थाने के सामने युवक के ऊपर से ट्रक का पहिया गुजर गया। वहीं, घाटीगांव और बहोड़ापुर में बाइक सवारों को तेज रफ्तार वाहनों ने टक्कर मार दी, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई है।

### लाइट लेकर पैदल लौट रहे थे, तभी हादसा हो गया

इंदरगंज थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह कुशवाह ने बताया, मृतक की शिनाख्त मुल्ला जी (50) के रूप में हुई है। वह राजेंद्र बैंड में काम कर रहा था। शनिवार रात वह विक्की फैक्ट्री स्थित एक बारात के लिए पहुंचा था। आरोपी ट्रक ड्राइवर जीतेंद्र दोहरे को पकड़ लिया है। वह गेहूं से भरा ट्रक दिल्ली से दतिया ले जा रहा था। रास्ते में कुछ और सामान भरने के लिए वह इंदरगंज आया था। पुलिस ने ट्रक जब्त कर लिया है। मुल्ला जी के साथ चल रहे अमन प्रजापति ने बताया कि बारात खत्म होने के बाद रात करीब 9.30 बजे विक्की फैक्ट्री से पैदल ही लाइट लेकर आ रहे थे। ढाई घंटे में वे इंदरगंज तक पहुंचे थे। छप्पर वाला पुल स्थित गोदाम पर पहुंचते, उससे पहले ही यह हादसा हो गया।

### बाइक को कार ने रौंदा, व्यापारी की मौत

बहोड़ापुर के बारह बीघा में रहने वाले रजत ओझा गोला का मंदिर पर हार्डवेयर से रात 11 बजे घर लौट रहे थे। कोटेश्वर रोड पहुंचे ही थे कि सामने से आ रही कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि रजत हवा में उछलकर सड़क पर सिर के बल गिरे और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। आरोपी चालक कार छोड़कर भाग निकला। हादसे के दौरान कार के एयरबैग खुल गए थे। पुलिस आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है।

### स्कूटी की टक्कर से बाइक सवार की मौत

ग्वालियर के घाटीगांव में स्कूटी की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई है। पुलिस ने बताया कि संजय नगर फुलझडी कारखाने के पास रहने वाला महेन्द्र जाटव बाइक से गांव-गांव जाकर गुड़ और शक्कर बेचता था। उसके साथ ही विश्राम जाटव और संजय जाटव भी जाते थे। शनिवार रात घर लौटने के दौरान वे रेलवे पुल के पास होटल पर खाना खा रहे थे।

इसी बीच महेन्द्र बाइक पर टंगी पानी की बोतल लेने गया। तभी तेज रफ्तार आ रही स्कूटी महेन्द्र को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से महेन्द्र का सिर पास पड़े पत्थर पर पड़ा और उसकी मौत हो गई। आरोपी चालक स्कूटी लेकर भाग गया। हादसे का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# युवक की हत्या की, फिर कहा-कचरा जलाया है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

जबलपुर, (एजेंसी)। **जबलपुर में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात डायल 100 को पुराने बस स्टैंड में एक बंद प्रॉपर्टी में आग लगने की सूचना मिली। ओमती थाना पुलिस फायर ब्रिगेड के साथ मौके पर पहुंची। ताला तोड़कर आग बुझाने लगे, इसी दौरान पुलिस को युवक का शव जलता नजर आया।**

टीआई ने सीएसपी पंकज मिश्रा को इसकी जानकारी दी। सीएसपी मौके पर पहुंचे। शव आधा जल चुका था, लेकिन चेहरा समझ में आ रहा था। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त विकास उर्फ विक्की पटेल के रूप में की। पुलिस ने छानबीन की तो पता चला कि दो सिक्योरिटी गार्ड ने परेशान होकर विक्की की हत्या की है।

सीएसपी पंकज मिश्रा का कहना है कि दो लोगों को पकड़ा है। उनसे पूछताछ की जा रही है। नया मोहल्ला के पास रहने वाला विक्की आपराधिक प्रवृत्ति का था। उसके खिलाफ मारपीट, अवैध वसूली सहित दर्जनों मामले दर्ज हैं। पुलिस ने परिजन को सूचना दी तो मौके पर उसकी छोटी बहन पहुंची।

### सिक्योरिटी गार्ड्स से मारपीट करता था विक्की

आरोपियों में एक बैतूल और दूसरा जबलपुर का रहने वाला हैं। प्रारंभिक पूछताछ में पुलिस को पता चला है कि पुराने बस स्टैंड में एक प्रॉपर्टी बैंक ने सीज कर दी है। विक्की अक्सर यहां शराब पीने आता था। दोनों सिक्योरिटी गार्ड भी यहीं शराब पीते थे। विक्की दोनों से अक्सर मारपीट किया करता था, जिसके चलते वे परेशान हो गए थे।

### पहले हत्या की फिर शव को जलाया

जानकारी के मुताबिक, बीती रात करीब 12 बजे विक्की उसी जगह पहुंचा, यहां पहले से ही दोनों गार्ड बैठे हुए थे। शराब के नशे में विक्की ने दोनों से गाली गलौज शुरू कर दी। गुस्से में आकर दोनों गार्ड्स ने किसी भारी चीज से विक्की पर हमला कर दिया। हत्या के बाद शव को जला दिया। पुरानी बस स्टैंड के पास अक्सर भीड़ रहती है, लिहाजा कुछ लोगों ने उनसे पूछा कि आग कैसे लग गई। तब दोनों ने कचरे में आग लगने की बात कही।

# नर्मदा की नहर में गिरी स्कूटी सवार मां-बेटी

## प्रत्यक्षदर्शी ने मां को बचाया, बेटी की तलाश जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

खंडवा,(एजेंसी)। **नर्मदा नदी की सबसे बड़ी नहर एक्वाडक्ट में स्कूटी सवार मां-बेटी गिर गई। हादसा खंडवा के मोरटक्का में ओंकारेश्वर रोड पर हुआ। नहर तरफ से बचाओ-बचाओ की आवाज सुनकर एक युवक ने नहर में कूदकर मां को बचा लिया, बेटी को तलाशा, लेकिन वह नहीं मिली। दो घंटे सर्चिंग के बाद गोताखोरों को स्कूटी मिल पाई है।**

दरअसल, ओंकारेश्वर से निकली नर्मदा नदी की मुख्य नहर में मां-बेटी स्कूटी सहित जा गिरी। जिसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने नहर में डूबी मां को पानी से बाहर निकाल लिया, लेकिन बेटी अब तक लापता है। नहर में तैराकों द्वारा बेटी की खोज की जा रही है। बताते है कि नहर से गुजरते वक्त स्कूटी अनियंत्रित हो गई और वह सीधे नहर में गिर गई।

प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि हम नहर के पास ही ईंट बना रहे थे, तभी चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनाई दी। मौके पर पहुंचे तो पता चला नहर में कोई डूब गया है, फिर उन्हें बचाने के लिए नहर में कूदे।

### ओंकारेश्वर निवासी हैं मां-बेटी, घर जा रहे थे

मोरटक्का चौकी प्रभारी रमेश गवले के मुताबिक, घटना दोपहर डेढ़ बजे के करीब की हैं। ओंकारेश्वर निवासी प्रमिलाबाई गोस्वामी अपनी 18 वर्षीय बेटी भूमिका के साथ स्कूटी पर सवार होकर बड़वाह से ओंकारेश्वर की तरफ जा रही थीं। प्रमिलाबाई को सुरक्षित बचा लिया गया, जबकि भूमिका की तलाश की जा रहीं है।

## संपादकीय

# रेपो दर स्थिर, आर्थिक संकट की जड़ें और गहरी

भारतीय रिजर्व बैंक ने एक बार फिर रेपो दर में कोई बदलाव न करने का फैसला किया है। यह ग्यारहवीं बार है, जब रेपो दर यथावत रखा गया। यह पिछले वर्ष की फरवरी से साढ़े छह फीसद पर बना हुआ है। इसका बोझ सबसे अधिक घर और वाहन के लिए कर्ज लेने वाले मध्यवित्त वर्ग को उठाना पड़ रहा है। इसलिए वे उम्मीद लगाए हुए थे कि अगर रेपो दर में कमी की जाएगी तो उनके कर्ज पर किस्तें कुछ कम होंगी। मगर महंगाई के ऊपर की तरफ बने हुए रुख दो देखते हुए रिजर्व बैंक ने फिलहाल इसमें किसी तरह का बदलाव करना उचित नहीं समझा। रेपो दर वह ब्याज दर है, जिस पर बैंक रिजर्व बैंक से कर्ज लेते हैं। जाहिर है, उससे अधिक दर पर वे अपने ग्राहकों को कर्ज देते हैं। पिछले वर्ष रेपो दर में बढ़ोतरी का कुछ असर महंगाई पर देखा भी गया था। मगर इतनी लंबी अवधि का अनुभव यही है कि रेपो दर ऊंची रखने से महंगाई पर कोई बहुत असर नहीं पड़ रहा। बेशक, इसका कारोबार पर असर दिखने लगा है। बैंकों के कारोबार पर पड़ते नकारात्मक प्रभाव को कम करने के मकसद से सीआरआर यानी आरक्षित नगद अनुपात में पचास आधार अंक की कटौती कर दी गई है। सीआरआर यानी जो रकम बैंकों को हमेशा अपने पास आरक्षित रखनी पड़ती है। मगर इससे बैंकों को कितनी मदद मिलेगी, दावा करना मुश्किल है। अब अर्थव्यवस्था की विकास दर में कई विसंगतियां नजर आने लगी हैं। चालू वित्तवर्ष की दूसरी तिमाही की विकास दर सरकार के लिए गंभीर चेतावनी की तरह आई है। ऊपर से महंगाई बेलगाम बनी हुई है। डालर के मुकाबले रुपए की कीमत चिंताजनक स्तर तक गिर चुकी है। विनिर्माण क्षेत्र हिचकोले खा रहा है। ऐसे में रेपो दर को यथावत रख कर महंगाई और विकास दर के बीच कैसे संतुलन बिठाया जा सकेगा, समझ से परे है। लंबे समय से लोगों की क्रयशक्ति बढ़ाने के व्यावहारिक उपाय आजमाने पर बल दिया जा रहा है, मगर सरकार तमाम दावों और वादों के बावजूद रोजगार सृजन और आय में विषमता के मोर्चे पर कोई ठोस उपाय नहीं जुटा पा रही है।




*भक्ति एक भावना के रूप में शुरू होती है, लेकिन वहीं पर खत्म नहीं होती। आखिरकार, भक्ति का परिणाम विसर्जन होता है।*

**- जग्गी वासुदेव**

## सैर सपाटा

# भारत के 5 खूबसूरत हाईवे

### जिन्हें देख कर खुली रह जाएंगी आपकी आंखें, ट्रिप भी रहेगी याद

वैसे तो लंबी दूरी वाली जगहों पर जाने के लिए फ्लाइट या ट्रेन से जाना पसंद किया जाता है। लेकिन रोड ट्रिप का अपना अलग मजा है। अगर आप रोड ट्रिप पर जाना पसंद करते हैं तो आपको हम कुछ ऐसे रूट्स बता रहे हैं जहां की सड़कें आपको भारत की प्राकृतिक सुंदरता से रूबरू कराती हैं। जानिए आखिर कौन से हैं ये हाईवे, जहां से आपको सबसे सुंदर नजारे देखने को मिलेंगे।



### 1) मनाली-लेह

मनाली-लेह हाईवे एक ऐसी सड़क है जिन्हें देखकर आपका मन खुश हो जाएगा। इस सड़क का 479 किलोमीटर का हिस्सा साल में सिर्फ 3-4 महीनों के लिए ही जनता के लिए खुला रहता है। ऐसा भारी बर्फबारी की वजह से होता है।

### 2) बैंगलोर-ऊटी

अगर आप नेचर लवर हैं तो आपको बेंगलुरु से ऊटी तक जाने वाला हाईवे बहुत पसंद आएगा। यह सबसे सुंदर सड़कों में से एक है। इन सड़कों के चारों ओर हरे-भरे चरागाहों और ऊंचे पेड़ों के साथ यह भारत के सबसे खूबसूरत हाईवे की लिस्ट में शामिल है।

### 3) शिलांग-चेरापूंजी

सबसे खूबसूरत सड़कों में से एक शिलांग-चेरापूंजी हाईवे को साल के अधिकांश समय धुंध में घिरा हुआ रहता है। डेढ़ घंटे की की इस रोड ट्रिप के दौरान आपको खूब मजा आएगा और सुंदर नजारे आपका मन मोह लेंगे।

### 4) मुंबई-गोवा

दि आप भी महाराष्ट्र में रहते हैं तो एक मुंबई से गोवा हाईवे पर रोड ट्रिप के लिए जाएं। ये भारत के सबसे खूबसूरत हाईवे में से एक मुंबई गोवा हाईवे। जब आप इस सुंदर हाईवे से गुजरते हैं तो आपको बेहद खूबसूरत नजारे देखने को मिलेंगे।

### 5) गुवाहटी-तवांग

गुवाहटी से तवांग को जोड़ने वाली ये रोड़ भारत के जन्नत कहे जाने वाले नॉर्थ ईस्ट में है। ये हाइवे अरुणाचल प्रदेश में मौजूद है जहां घूमने के लिए भारतीय और विदेशी दोनों नागरिकों को इनर लाइन परमिट लेना होता है। सबसे सुंदर नजारों को देखने के लिए ये जगह बेस्ट है।

New Delhi

# मैंने कई बम लगाए हैं, दिल्ली में स्कूलों को धमकी देने वाले की क्या डिमांड

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली में एक बार फिर 40 से ज्यादा स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। स्कूलों को ईमेल भेजकर कहा गया है कि इमारत में कई बम लगाए गए हैं और यदि पैसों की डिमांड पूरी नहीं की जाती है तो इनमें विस्फोट कर दिया जाएगा। ईमेल भेजने वाले ने 30 हजार डॉलर की मांग की है। एहतियातन स्कूलों को खाली करा दिया गया। खबर लिखे जाने तक किसी स्कूल में कुछ भी संदिग्ध सामान या विस्फोटक बरामद नहीं हुआ था। हाल के कुछ महीनों में कई बार स्कूलों को इस तरह की धमकी मिल चुकी है, जो बाद में फर्जी साबित हुए। दिल्ली पुलिस की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक ईमेल में कहा गया है कि



छोटे-छोटे बमों को बहुत छिपाकर लगाया गया है। इससे इमारत तो नहीं उड़ेगी लेकिन लोग जख्मी होंगे। ईमेल में लिखा है, 'मैंने इमारत (स्कूल) में कई बम लगाए हैं। बम बहुत छोड़े हैं और बहुत अच्छे से छिपाए गए हैं। इमारत को ज्यादा नुकसान नहीं होगा, लेकिन डिटोनेट (विस्फोट) किए जाने पर लोग घायल होंगे। यदि मुझे 30 हजार डॉलर नहीं मिले तो मैं बमों में विस्फोट कर दूंगा।' फायर डिपार्टमेंट को सुबह 7 बजकर छह मिनट पर दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), आरके पुरम और सुबह छह बजकर 15 मिनट पर जीडी गोयनका, पश्चिम विहार में बम की धमकी वाला फोन आया। डॉग स्क्वॉयड, बम डिस्पोजल टीम और स्थानीय पुलिस और दमकल विभाग के अधिकारी स्कूलों में पहुंचे और तलाशी अभियान शुरू किया।

P. Bangal

## बंगाल के मुर्शिदाबाद में बम बनाते वक्त भीषण विस्फोट, तीन लोगों की मौत; मकान ही ढह गया



**कोलकाता, (एजेंसी) पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में बम धमाके में तीन लोगों की मौत हो गई है। यह धमाका अवैध बम बनाने के दौरान हुआ। विस्फोट इतना भीषण था कि एक मकान ही बुरी तरह ढह गया और मौके पर ही तीन लोगों की मौत हो गई। प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार यह धमाका मामून मुल्ला नाम के शख्स के घर पर हुआ, जहां अवैध तरीके से बम बनाए जा रहे थे। कच्चा बम बांधने के दौरान विस्फोट हुआ और वहां मौजूद तीन लोग मारे गए। इसके अलावा धमाका इतना भीषण था कि मकान भी जमींदोज हो गया। गिरे हुए मकान और उसके मलबे का वीडियो फिलहाल सोशल मीडिया पर शेयर किया जा रहा है।**

विस्फोट में मकान मालिक मामून मुल्ला भी मारा गया है। उसके अलावा दो अन्य लोग सकीरुल सरकार और मुस्तकीन भी मारे घए हैं। मुस्तकीन सागरपाड़ा की महराब कॉलोनी का रहने वाला था। पुलिस का कहना है यह घटना रविवार रात की है। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तो तीन लोगों को मृत पाया गया। धमाके के बाद आसपास के लोग दहशत में आ गए। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है ताकि किसी तरह का उपद्रव न हो सके। फिलहाल पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

Bihar

## सुसाइड से पहले 10वीं के छात्र ने दोस्तों को भेजा मैसेज, फिर पिता की रिवॉल्वर से खुद को मारी गोली

**भागलपुर, (एजेंसी)** बिहार के भागलपुर जिले में 10वीं कक्षा के एक छात्र ने रविवार को अपने पिता की लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली. सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. पुलिस ने मौके से रिवॉल्वर और मृतक का मोबाइल फोन जब्त कर लिया है. पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है. न्यूज एजेंसी के मुताबिक, कहलगांव पुलिस स्टेशन के एसएचओ देव गुरु ने बताया कि 10वीं के छात्र ने रविवार को अपने घर पर अपने पिता की लाइसेंसी रिवॉल्वर से कथित तौर पर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली. मृतक की पहचान राजीव कुमार सिंह के बेटे सोमिल राज (14) के रूप में हुई है. परिवार के सदस्यों ने दावा किया है कि वह अर्धवार्षिक परीक्षाओं में प्राप्त अंकों से खुश नहीं था. पुलिस के अनुसार, लड़के ने कहलगांव पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आनंद विहार कॉलोनी में अपने घर पर यह कदम उठाया. एसएचओ देव गुरु ने कहा, सूचना मिलने के तुरंत बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.

Gujrat

## डिवाइडर फांदकर दूसरी गाड़ी से टकरा गई कार, 7 मौतें, परीक्षा देने जा रहे स्टूडेंट्स थे सवार

**जूनागढ़, (एजेंसी)** गुजरात के जूनागढ में भीषण सड़क हादसा हुआ है. इस दौरान पांच कॉलेज स्टूडेंट्स सहित कुल 7 लोगों के मौत की खबर है. जेतपुर- वेरावल हाईवे पर भंडुरी गांव के पास सुबह करीब 8 बजे तेज रफ्तार से आ रही दो कारों के बीच टक्कर हो गई. इस दौरान भीषण हादसा हो गया. यह एक्सिडेंट भंडुरी के नजदीक कृष्णा होटल के पास हुआ. एक कार में सवार 5 कॉलेज स्टूडेंट्स एग्जाम देने जा रहे थे, जिनकी मौके पर ही मौत हो गई. वहीं, दूसरी कार में सवार 2 लोगों के मारे जाने की खबर है.

जानकारी के मुताबिक, स्थानीय पुलिस ने बताया कि एक कार डिवाइडर फांद कर दूसरी ओर से आ रही कार को टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि मौके पर ही सात लोगों की मौत हो गई. मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है. इससे पहले 19 नवंबर को खबर आई थी कि गुजरात के भरूच में खड़े ट्रक के साथ कार की भिड़ंत से भीषण सड़क हादसा हुआ था. इस दौरान दो बच्चों और दो महिलाओं सहित 6 लोगों की मौत हुई थी. जानकारी के मुताबिक, यहां एक ईको कार सड़क पर खड़े ट्रक से टकरा गई थी. यह हादसा भरूच के जंबूसर-आमोद रोड पर देर रात हुआ था.

खेल

# गत विजेता बांग्लादेश ने किया एशिया कप के खिताब का बचाव, आठ बार के चैंपियन भारत को हराया

**दुबई, (एजेंसी) बांग्लादेश ने लगातार दूसरी बार अंडर-19 एशिया कप का खिताब अपने नाम करने में कामयाबी हासिल की। दुबई में खेले गए फाइनल मैच में बांग्लादेश ने भारत को 59 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश ने रिजान हुसैन की 47 रनों की पारी की बदौलत 49.1 ओवर में 10 विकेट पर 198 रन बनाए। जवाब में भारत की टीम 139 रन ही बना सकी और 35.2 ओवर में ऑलआउट हो गई।**



### आठ बार की विजेता टीम को बांग्लादेश ने फाइनल में हराया

बांग्लादेश ने लगातार दूसरी बार अंडर-19 एशिया कप का खिताब जीता। इससे पहले उन्होंने पिछले साल संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की 195 रन से हराया था। बता दें कि, यह अंडर-19 एशिया कप का 11वां सीजन है। भारतीय टीम ने आठ बार इस टूर्नामेंट का खिताब जीता है।

### 2023 के सेमीफाइनल में भी भारत को हराया

भारत को इससे पहले 2023 में अंडर-19 एशिया कप के सेमीफाइनल में बांग्लादेश ने चार विकेट से हराया था। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मुशीर खान की 50 रनों की पारी की बदौलत 188 रन बनाए थे। जवाब में बांग्लादेश ने 42.5 ओवर में 189 रन बनाकर जीत दर्ज की थी और फाइनल में स्थान हासिल किया था।

### फ्लॉप रहे वैभव सूर्यवंशी

भारतीय टीम का कोई भी विशेषज्ञ बल्लेबाज प्रभावशाली पारी नहीं खेल सका जिसमें आईपीएल के सबसे युवा स्टार वैभव सूर्यवंशी भी शामिल थे जो केवल नौ रन (7 गेंद, 2 चौके) ही बना सके। भारत को सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे (01) के रूप में शुरुआती झटके लगे और पांच ओवर के अंदर स्कोर दो विकेट पर 24 रन हो गया। बांग्लादेश ने बाकी भारतीय बल्लेबाजों को रन नहीं बनाने दिए जिन्हें बाउंड्री लगाने के साथ एक रन लेने में भी परेशानी हो रही थी।

### इकबाल हुसैन ने बरपाया कहर

रिजान हुसैन ने सी आंद्रे सिद्धार्थ (35 गेंद पर 20 रन) की पारी 12वें ओवर में समाप्त कर दी। यह मैच का अहम पल था जिससे पलड़ा बांग्लादेश के पक्ष में झुक गया। इकबाल हुसैन इमोन ने इस स्थिति का पूरा फायदा उठाया और तीन महत्वपूर्ण विकेट चटकाए। इससे भारत की उम्मीद टूट गई। बांग्लादेश के गेंदबाजों ने केपी कार्तिकेय (21), निखिल कुमार (0) और हरवंश पंगालिया (6) को जल्दी आउट कर दिया। मोहम्मद अमान ने लंबे समय तक टिके रहने के बाद 65 गेंद में 26 रन बनाये।

सिनेमा

## सबसे तेज 200 करोड़ कमाने वाली हिंदी फिल्म बनी 'पुष्पा 2', किया एक दिन में सबसे ज्यादा कलेक्शन



अल्लू अर्जुन स्टारर 'पुष्पा 2: द रूल' की सिनेमाघरों में जैसे आंधी ही चल पड़ी है. 'पुष्पा' ना झुकने को तैयार है, और ना ही थमने को तैयार है. ये असल मायने में दर्शकों के दिलों पर राज कर रहा है. फिल्म ने महज 3 दिनों में ही 500 करोड़ के आंकड़े को पार कर लिया है, जो कि हिंदी सिनेमा में किसी भी फिल्म के लिए कर पाना अब तक मुश्किल था. कहना गलत नहीं होगा कि 'पुष्पा' तो सही में वाइल्ड फायर निकली. हिंदी भाषा में रिलीज की बात करें तो, 'पुष्पा' के सेकेंड पार्ट ने 'एनिमल', 'पठान' और 'जवान' के रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया है. तीन दिनों में ये फिल्म 200 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी है. 'एनिमल', 'जवान' और 'पठान' को इस आंकड़े को छूने में 4 दिन लगे थे. 'पुष्पा 2' ने पहले दिन 72 करोड़ के धुआंधार कलेक्शन से ओपनिंग की थी, वहीं दूसरे दिन 59 करोड़ तो तीसरे दिन इसकी कमाई 74 करोड़ रही. कुल मिलाकर फिल्म ने हिंदी भाषा में तीन दिन के अंदर 205 करोड़ का बिजनेस किया.

## Highlights

1. How did police catch wanted human trafficker who forced Indians into cybercrime?
2. RBI isn't issuing fines for keeping accounts in more than one bank
3. Unaware of India's culture: BJP as Iltija calls Hindutva 'disease'
4. Congress wishes Sonia Gandhi on her 78th birthday, shares video
5. Not seen such state of fear in Delhi: AAP as 40 schools get threat
6. We put the dead in body bags, can't sleep: Keralites tricked into fighting in Ukraine

# 'I'm very easy to influence': Jeff Bezos reveals how he conducts Amazon meetings



**NEW DEIHI, (Agency).** Amazon's founder and executive chairman Jeff Bezos said said he likes official company meetings to be messy and so full of discussion that it runs late and disrupts schedules, while speaking at The New York Times' DealBook Summit last week.

Bezos claims that such meetings characterised by six-page memos and a half-hour study hall where they are read, turn out to be the most productive meetings and that he gets skeptical if the meeting is not messy.

He also prefers everyone at the meeting to speak in reverse order of seniority, with him speaking at the last. This is to prevent "group think" and ensure everyone has original opinions rather than being influenced by higher-ups.

When it comes to influence, Bezos claims he is "actually personally very easy to influence," according to a CNBC Make It interview he gave, which also quoted him as saying that just a couple percent of the time, "no force in the world" can move him because he is so sure of something.

He speaks up in the middle of meetings very rarely, and only if he has an unwavering opinion.

Yet another interesting aspect of Amazon's meetings include an empty chair being placed in the room, symbolically representing the customer. It is to remind everyone there to focus on the customer's potential satisfaction while making every decision.

# Sundar Pichai hints at a 'profound' shift coming to Google Search as AI continues to evolve

**NEW DEIHI, (Agency).** Google Search, the cornerstone of the internet giant's services, has been a household name for over 25 years. In that time, the search engine has undergone numerous changes and improvements. But according to Sundar Pichai, Google's CEO, the biggest shift is yet to come. Speaking at the New York Times DealBook Summit, Pichai revealed that Google Search is set to evolve in ways



that will surprise users in 2025.

### A new era of search capabilities

Pichai hinted at a major transformation, claiming that Google would soon be able to handle more complex questions than ever before. "I think we are going to be able to tackle more complex questions than ever before," he stated. The CEO added that even in the early months of 2025, users would notice a stark difference in the capabilities of Google Search, which will be equipped to offer far more advanced responses than today's version. In his appearance at the summit, Pichai was asked to address a remark made by Microsoft CEO Satya Nadella, who had said that Google should have been the "default winner" in the AI race. Pichai's response was sharp, proposing a "side-by-side comparison" of Google's AI models and those used by Microsoft, which relies heavily on its partnership with OpenAI. "They use someone else's models," Pichai pointed out, positioning Google as an innovator with proprietary technology.

# ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक

## सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें

**www.babapandit.com**

## "एक सलाहकार और शुभचिंतक"

आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।

## - कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -

*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*

*एकदिवसीय महादेवरुद्र स्तवन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*

*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*

इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।

कृपया अपनी जिज्ञासा/सलाह हेतु संपर्क करे ।

Email - babapandit.in@gmail.com


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक